हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार 15 अप्रैल 2026

11 जिला स्तरीय समारोह में शिक्षा और सामाजिक...


12 नाली निर्माण को लेकर बढ़े विवाद में दो पक्षों में मारपीट







### छह साल की उम्र में ही चित्रकला के प्रति दिखा था पहली बार झुकाव

# विश्व कला दिवस पर विशेष : रियलिस्टिक पेंटिंग के लिए धर्मेंद्र शर्मा की बनी विशेष पहचान

- महान चित्रकार राजा रवि वर्मा की शैली का दिखता है धर्मेंद्र पर स्पष्ट प्रभाव
- 20 साल दिल्ली में कार्य करने के बाद अब नारनौल लौटे, यहां बच्चों को सिखा रहे चित्रकारी के गुण

सतीश सैनी ▶▶ नारनौल


नारनौल। रियलिस्टटक पेंटिंग तैयार करते धर्मेंद्र शर्मा। फोटो : हरिभूमि

आज विश्व कला दिवस है। इस दिन का उद्देश्य कला के प्रति जागरूकता, रचनात्मकता और सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देना है। यह दिन प्रसिद्ध कलाकार लियोनार्डो दा विंची की जयंती के सम्मान में मनाया जाता है, जो शांति, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और भाईचारे के प्रतीक है। हरिभूमि ने इस दिन को ओर खास मनाने के लिए नारनौल शहर ही नहीं जिला के प्रतिभाशाली कलाकार धर्मेंद्र शर्मा से उनके हुड्डा आवास नंबर 368 पार्ट टू पर बातचीत की। धर्मेन्द्र शर्मा आज अपनी रियलिस्टिक पेंटिंग के लिए खास पहचान बना चुके हैं। 13 सितम्बर 1982 को जन्मे धर्मेन्द्र शर्मा एक स्व-प्रशिक्षित कलाकार हैं, जिनकी कला में भारतीय परंपरा, भावनात्मक गहराई और सूक्ष्मता का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। उनकी चित्रकला शैली पर महान चित्रकार राजा रवि वर्मा की छाप स्पष्ट नजर आती है।

धर्मेंद्र शर्मा की कला यात्रा संघर्ष, जुनून और आत्मविश्वास की मिसाल है। महज छह वर्ष की आयु में ही उन्होंने चित्रकला के प्रति रुचि विकसित कर ली थी। सीमित संसाधनों के बीच पले-बढ़े धर्मेन्द्र के पास न तो महंगे ब्रश थे और न ही रंग। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। वे नाई की दुकान से बाल इकट्ठा कर खुद ब्रश बनाते और इंक व होली के रंगों से अपनी कल्पनाओं को कागज पर उतारते थे।

### 10वीं कक्षा में जीता था राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार

बिना किसी औपचारिक प्रशिक्षण के उन्होंने लगातार अभ्यास से अपनी कला को निखारा। कक्षा 9वीं में उन्होंने पहली बार कला प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कक्षा 10वीं में राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार जीतकर उन्होंने यह साबित कर दिया कि सच्ची मेहनत के सामने संसाधनों की कमी भी छोटी पड़ जाती है। आगे की शिक्षा के लिए उन्होंने 12वीं के बाद दिल्ली कॉलेज ऑफ आर्ट में प्रवेश लिया, जहां उन्होंने कला के तकनीकी और सैद्धांतिक पहलुओं को गहराई से समझा और अपनी प्रतिभा को नई दिशा दी। आज धर्मेन्द्र शर्मा की पेंटिंग्स न केवल कला प्रेमियों को आकर्षित करती हैं, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी हैं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि अगर मन में जुनून और कुछ कर गुजरने का हौसला हो, तो हर मुश्किल रास्ता आसान बन सकता है।

### यह हैं उपलब्धियां

- बीएफए (बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स) : 2007
- राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता : 1996
- वर्ल्ड रिकॉर्ड इंडिया : सबसे लंबा लाइव पेंटिंग मैराथन -2018
- लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड : 30 x 30 फीट की पेंटिंग न्यूनतम समय में पूर्ण-अगस्त 2018
- हरियाणा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता : 1996
- जोनल यूथ फेस्टिवल : 1999, 2000
- राष्ट्रीय समूह कला प्रदर्शनी (गोवा) : 2018
- समूह प्रदर्शनी, जवाहर कला केंद्र,जयपुर : 2023
- दिल्ली कॉलेज ऑफ आर्ट : 2007
- एमएफए, आरएमटी यूनिवर्सिटी, ग्वालियर : 2000


नारनौल। धर्मेंद्र शर्मा की ओर से करीब 20 साल पहले तैयार की गई ऑयल पेंटिंग। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### राज्यसभा सांसद कर्मवीर बौद्ध आज नारनौल में

**नारनौल।** हरियाणा से नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद कर्मवीर बौद्ध का 15 अप्रैल को नारनौल आगमन होगा। सांसद कर्मवीर बौद्ध 15 अप्रैल प्रातः 10 बजे पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह नारनौल पहुंचेंगे। यहां हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद सांसद बौद्ध नारनौल विधानसभा क्षेत्र के गांव पटीकरा में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### महिला इकाई की जिला अध्यक्ष बनी रचना अग्रवाल

**नारनौल।** अग्रवाल वैश्य समाज महिला इकाई की संगठनात्मक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रचना अग्रवाल को जिला अध्यक्ष, मधु गोयल को जिला महासचिव व सुनीता गोयल को जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। ये नियुक्तियां अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की अनुशंसा से महिला इकाई प्रदेश अध्यक्षा सुशीला सर्राफ ने की।

### दीवान के जन्मदिन पर हुई आशीर्वाद संगोष्ठी

**नारनौल।** नरनारायण सेवा समिति के संस्थापक, लोकसंस्कृति संरक्षण प्रकोष्ठ संरक्षक एवं वरिष्ठ समाजसेवी परमानन्द दीवान के 85वें जन्मदिन पर आशीर्वाद संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके तहत पौधरोपण किया गया और रोटरी रसोई में भोजन वितरित किया गया। डॉ. कृष्णा आर्या ने जन्मदिन गीत के माध्यम से प्रेरणा सन्देश दिए।

### बैंक खाते फ्रीज को चालू करने की एवज में मांगे थे रुपये

# आईओ का भाई व साथी दस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

- नारनौल के महावीर चौक से गिरफ्तार किए गए हैं दोनों आरोपित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

फ्रीज बैंक खाते को अनफ्रिज करने की एवज में 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए हरियाणा सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अनफ्रीज का यह कार्य यूपी के सहारनपुर साइबर थाने से जुड़ा है और वहां के आईओ ने खर्चा पानी मांगा था। यह गिरफ्तारी मंगलवार देर सायं को नारनौल के महावीर चौक पर की गई। दोनों आरोपित जिला से सटे राजस्थान के गांव नावता व पचेरी के रहने वाले हैं, जो एक के भाई के कहने पर नारनौल से कैश प्राप्त करने आए थे। आईओ गिरफ्तार युवकों में से एक का सगा भाई है और एक-दूसरे के संपर्क में थे।

जानकारी के अनुसार सतनाली क्षेत्र के गांव जवाहर नगर निवासी नीरज का बैंक खाता महेंद्रगढ़ के बैंक ऑफ बड़ोदा में खुला हुआ है। यह खाता फ्रीज (बंद) हो रखा है और नीरज इस खाते को अनफ्रीज (चालू) करवाना चाहता है, जिसके लिए उसने यूपी के सहारनपुर में साइबर थाने से संपर्क किया। वहां नीरज की बात आईओ के तौर पर पचेरी क्षेत्र के गांव नांवता निवासी सतेंद्र से हुई। आईओ ने यह खाता अनफ्रीज कर देने की बात कही, लेकिन यह भी कहा कि खर्चा-पानी देना होगा। मोबाइल फोन पर हुई बातचीत में नीरज ने आईओ को बताया कि वह स्टूडेंट है तथा दस हजार रुपये से ज्यादा नहीं दे सकता। इस पर दोनों सहमत हो गए। नीरज को आईओ ने फोन पर बताया कि यह रुपये उसे नारनौल में देने होंगे। वही रुपये देने के लिए मंगलवार शाम को नीरज नारनौल के महावीर चौक पहुंचा था।

सूत्र बताते हैं कि आईओ सतेंद्र के भाई जितेंद्र यादव वासी नावता थाना पचेरी के पास सोमवार शाम को फोन आया। जितेंद्र आईओ सतेंद्र का बड़ा भाई है। सतेंद्र वर्ष 2020 में यूपी पुलिस में बतौर कांस्टेबल भर्ती हुआ था और इन दिनों उसकी ड्यूटी सहारनुपर के साइबर थाने में लगी हुई है। जबकि बड़ा भाई जितेंद्र पचेरी में एसएमएफजी नामक फाइनेंस कंपनी में फील्ड ऑफिसर पद पर प्राइवेट नौकरी लगा हुआ है। उसके साथ उसका साथी छोटी पचेरी निवासी गौरव भी उसी फाइनेंस में नौकरी करता है।



नारनौल। एसीबी की टीम द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपित। फोटो : हरिभूमि

### टीम में यह थे शामिल

एसीबी की टीम में ड्यूटी मजिस्ट्रेट तहसीलदार के अलावा एक छाया के रूप में पटवारी भी शामिल था, जबकि इंस्पेक्टर राजकरण, एसआई धर्मबीर, एएसआई अनूप, एएसआई मनजीत, सिपाही विनोद व देवेंद्र शामिल थे।

### आईओ की गिरफ्तारी शेष

इस मामले में बेशक से रिश्वत के रुपये लेते हुए रंगे हाथों उक्त दोनों जितेंद्र एवं गौरव गिरफ्तार कर लिए गए हैं, लेकिन इस प्रकरण के मुख्य सूत्रधार आईओ सतेंद्र अभी विजिलेंस की पहुंच से दूर बने हुए हैं। यूपी के सहारनपुर एसीबी की टीम जाने उपरांत ही उसकी गिरफ्तारी हो पाएगी।

### दोनों साथी आए थे नारनौल

आईओ सतेंद्र से बातचीत होने के बाद मंगलवार शाम करीब छह बजे बाइक से उसका बड़ा भाई जितेंद्र अपने साथ गौरव के साथ नारनौल आया। जितेंद्र नारनौल में महावीर चौक से पहले ही सिंघाना रोड पर उतर गया, जबकि फोन पर लगातार नीरज से संपर्क बना रहा। महावीर चौक पर गौरव पहुंचा तथा बताए हुए हुलिये के अनुसार नीरज ने उससे संपर्क किया। संपर्क करते हुए नीरज ने दस हजार रुपये गौरव को दे दिए, जो उसने अपनी पेंट की जेब में डाल लिए। इस दौरान एसीबी की टीम ने इशारा मिलते ही गौरव को धर-दबोच लिया। गौरव ने बताया कि यह रुपये उसने जितेंद्र के कहने पर लिए हैं। फिर तत्काल ही जितेंद्र को महावीर चौक बुलाया और उसे भी धर-दबोच लिया गया। जितेंद्र ने तब अपने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था, ताकि उसकी पहचान न हो सके। धर दबोचने के बाद एसीबी की टीम उन्हें हाथोंहाथ ऑफिसर कॉलोनी में बने कार्यालय ले आई और हाथ धुलाने पर वह लाल हो गए। वहां आवश्यक कार्रवाई शुरू करते हुए भ्रष्टाचार निरोधक धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। उक्त दस हजार के 500-500 के 20 नोट थे, जो ड्यूटी मैजिस्ट्रेट तहसीलदार महेंद्रगढ़ द्वारा हस्ताक्षरित थे।

### यह बोले इंचार्ज

इंस्पेक्टर राजकरण ने बताया कि उन्हें आज ही इस मामले की शिकायत मिली थी, जिस पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट गठित करने उपरांत पूरी चौकसी के साथ पूरे मामले को अंजाम दिया गया है। दोनों आरोपितों को बुधवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

## बस स्टैंड पर हसनपुर गांव के व्यक्ति की हार्ट अटैक से मौत

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बस स्टैंड के अंदर एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया तथा उसकी शिनाख्त की। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भिजवाया।

बस स्टैंड के अंदर बसों के बूथ की तरफ खाली कुछ जगह लगती है, जहां झाड़ियां खरपतवार के रूप में उगी हुई है। इन्हीं झाड़ियों के नजदीक लोगों ने एक व्यक्ति को पड़े हुए देखा। लोगों को लगा कि व्यक्ति बेहोश पड़ा हुआ है। व्यक्ति के पास एक बैग भी रखा हुआ था। कोई हरकत नहीं होने पर लोगों ने इसकी सूचना बस स्टैंड पर तैनात कर्मचारियों को दी। जिसके बाद डायल 112 पर फोन कर पुलिस को बुलाया गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने व्यक्ति को उठाकर उसको नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। जब पुलिस ने मृतक के पास पड़े बैग की तलाश ली तो उसकी पहचान गांव हसनपुर निवासी करीब 50 वर्षीय जिलेसिंह के रूप में हुई। इस पर पुलिस ने परिजनों को सूचित किया। परिजनों के अनुसार हार्ट अटैक आने की वजह से यह मौत हुई है।

## आज होगी नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन पर चर्चा

- सभी सदस्यों से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

नगर पालिका अटेली मंडी की एक महत्वपूर्ण बैठक 15 अप्रैल को प्रातः 11 बजे नगर पालिका कार्यालय में आयोजित की जाएगी। नगर पालिका सचिव द्वारा सभी पार्षदों एवं सदस्यों को सूचना जारी कर दी गई है। बैठक में सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है। बैठक का मुख्य एजेंडा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन पर विस्तृत चर्चा करना रहेगा। इस विषय पर सदन में विचार-विमर्श कर आवश्यक सुझाव एवं प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। बताया जा रहा है कि यह विषय महिलाओं के सशक्तिकरण से जुड़ा होने के कारण काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नगर पालिका सचिव प्रशांत पाराशर का कहना है कि बैठक में लिए गए निर्णयों का प्रभाव स्थानीय स्तर पर नीतियों और योजनाओं पर भी पड़ सकता है। इसलिए सभी सदस्यों से समय पर पहुंचकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई है। ताकि महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हो सके।

## 220 नशीले कैप्सूलों के साथ तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पुलिस ने पुरानी अनाज मंडी क्षेत्र से एक व्यक्ति को नशीले कैप्सूलों के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव पटीकरा का रहने वाला विष्णु दत्त नशीले कैप्सूल बेचने का काम करता है और वह पुरानी अनाज मंडी में पानी की टंकी के पास पीपल के पेड़ के नीचे बैठा है।

इस पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को अपनी ओर आता देख आरोपित ने मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस कर्मियों ने उसे काबू कर लिया। जिससे पूछताछ में उसने अपना नाम विष्णु दत्त बताया। पुलिस ने नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट को मौके पर बुलाया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में जब आरोपित की तलाशी ली गई, तो उसके पास से एक गत्ते का डिब्बा बरामद हुआ।

इस डिब्बे को खोलकर चेक करने पर उसमें से कुल 220 नशीले कैप्सूल बरामद किए गए। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि इन कैप्सूलों का प्रयोग नशे के लिए किया जाता है। पुलिस ने ड्रग्स कंट्रोल ऑफिसर की राय लेने के बाद बरामद नशीले कैप्सूल को सील कर कब्जे में ले लिया। आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत थाना शहर में मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर आगे की पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया है।


नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

### राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के जनसंख्या शिक्षा विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयासों से होगा

# अब गांव-शहर की आवाज बनेगा युवा : जिले में 'युवा संसद' के साथ 'युवा पंचायत' का भी आयोजन, तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों और नेतृत्व क्षमता को सशक्त करने के उद्देश्य से इस बार जिले में एक नई पहल देखने को मिलेगी। अब 'युवा संसद' के साथ-साथ 'युवा पंचायत' का भी आयोजन किया जाएगा। इन दोनों कार्यक्रमों का संचालन राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के जनसंख्या शिक्षा विभाग एवं शिक्षा विभाग हरियाणा के संयुक्त प्रयासों से किया जाएगा।

### खंड स्तर पर चयनित होंगे पांच-पांच विद्यालय

जानकारी के अनुसार इस संबंध में विभागीय निर्देश प्राप्त हो चुके हैं और जिला स्तर पर तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। इस बार प्रत्येक खंड के पांच-पांच चयनित विद्यालयों में दोनों प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों की भागीदारी और व्यापक हो सके। 'युवा संसद' और 'युवा पंचायत' केवल प्रतियोगिताएं नहीं हैं, बल्कि विद्यार्थियों को लोकतंत्र की मूल भावना से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम हैं। इन कार्यक्रमों के जरिए छात्रों को यह समझने का अवसर मिलता है कि देश और समाज के महत्वपूर्ण निर्णय किस प्रकार लिए जाते हैं, बहस और संवाद की क्या भूमिका होती है और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में उनकी भागीदारी कितनी महत्वपूर्ण है। जहां 'युवा संसद' छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की संसदीय कार्यप्रणाली से रूबरू कराती है, वहीं 'युवा पंचायत' उन्हें स्थानीय स्वशासन और ग्रामीण समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया को करीब से समझने का अवसर देती है। इस पूरी प्रक्रिया में विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है, उनकी अभिव्यक्ति क्षमता निखरती है और वे सामाजिक सरोकारों के प्रति अधिक संवेदनशील बनते हैं।

### जुलाई में होने की संभावना

इन कार्यक्रमों का आयोजन संभावित रूप से जुलाई माह में किया जाएगा। फिलहाल विद्यालय स्तर पर प्रतिभागियों के चयन और उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन देने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। जिले में 'युवा संसद' के साथ 'युवा पंचायत' का एक साथ आयोजन शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक और दूरदर्शी पहल के रूप में देखा जा रहा है। यह न केवल विद्यार्थियों को लोकतंत्र की गहराई से समझ विकसित करने का अवसर देगा, बल्कि उन्हें भविष्य के जागरूक, जिम्मेदार और सक्षम नागरिक बनने की दिशा में भी प्रेरित करेगा।



# परदे पर खुलेगी इतिहास में दर्ज सवालों की परत..

**मुंबई।** फिल्म धुरंधर 2 के बाद संजय दत्त अपनी आगामी फिल्म आखिरी सवाल को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का मंगलवार को टीजर रिलीज हुआ है। संजय दत्त अभिनीत फिल्म 'आखिरी सवाल' का पहला टीजर 02 अप्रैल को रिलीज हुआ था। इसने फिल्म के प्रति उत्सुकता जगाई। मंगलवार को फिल्म का दूसरा टीजर सामने आया है। इसमें इतिहास की कुछ ऐसी घटनाओं का जिक्र देखने को मिलेगा, जिन पर ज्यादा बात नहीं होती है। मेकर्स का दावा है कि फिल्म के जरिए वे सवाल भी सामने आएंगे, जिन्हें अभी तक कोई नहीं पूछता है।फिल्म के टीजर की शुरुआत में लिखा आता है, 'सवाल, जिसे पूछने की हिम्मत अब तक किसी ने नहीं की'।

लाइफ Style



# हुमा
## सिंगर एड शीरन को सिखाई थी हिंदी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' की रिलीज की तैयारी में जुटी हैं। उन्होंने अनुराग कश्यप की फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हाल ही में हुमा ने बताया कि कैसे एड शीरन ने यह फिल्म देखी थी और इसकी तारीफ की थी।

एक बातचीत में हुमा ने फराह खान की पार्टी में एड शीरन से हुई मुलाकात को याद करते हुए कहा, 'यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। जब मैं एड शीरन से मिली तो पता चला कि उन्होंने 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' देखी है। यह जानकर मैं हैरान रह गई थी। जब एड शीरन मुंबई में थे, तब फराह खान ने उनके लिए एक पार्टी रखी थी, जहां सभी उनसे मिले थे। मैं उनसे बातचीत करने की कोशिश कर रही थी।

उन्होंने कहा, 'मुझे आपका देश बहुत पसंद है और मैं यहां म्यूजिक पर काम करना चाहूंगा।' उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने एड शीरन को कुछ हिंदी शब्द सिखाने की कोशिश की। उन्होंने कहा, 'अगर आप और भी दिलचस्प भाषा सीखना चाहते हैं, तो आपको हमारी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' जरूर देखनी चाहिए।' वह रुक गए और पूछा, 'क्या आप उस फिल्म में थीं?' मैंने कहा, 'हां।' उन्होंने कहा, 'मैंने अभी-अभी वह फिल्म देखी है। मुझे यह बहुत पसंद आई। यह सच में एक जबरदस्त फिल्म है।' मुझे लगा कि यह मेरे लिए एक बहुत ही शानदार पल था।' अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' दो हिस्सों में बनी है।

हॉलीवुड मसाला



# सामने आया जुमांजी के तीसरे पार्ट का टाइटल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की पॉपुलर एक्शन-एडवेंचर फ्रेंचाइजी 'जुमांजी'के तीसरे पार्ट का ऑफिशियल टाइटल सामने आ गया है। जुमांजी के तीसरे पार्ट की घोषणा लॉस एंजेलिस में नहीं, बल्कि लास वेगास में हुए सोनी के सिनेमकॉन इवेंट के दौरान की गई, जहां फिल्म की पहली झलक और ट्रेलर भी दिखाया गया। इस खास मौके पर केविन हार्ट, ड्वेन जॉनसन और जैक ब्लैक खुद मौजूद थे। केविन हार्ट, ड्वेन जॉनसन और जैक ब्लैक स्टारर इस फिल्म का नाम 'जुमांजीः ओपन वर्ल्ड' होगा। फिल्म 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें कैरन गिलन भी अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी।



# टीवी पर्सनालिटी को हुआ प्यार; इश्क का किया इजहार

**लॉस एंजिल्स।** 'द रियल हाउसवाइव्स ऑफ बेवर्ली हिल्स' फेमस टीवी पर्सनालिटी टेडी मेलनकैंप की जिंदगी में प्यार की बहार आ गई। जबकि इन दिनों वह कैंसर की बीमारी से भी जंग लड़ रही हैं। हाल ही में अपनी डेटिंग लाइफ को लेकर टेडी मेलनकैंप ने खुलकर बात की। कोई प्यार करने वाला साथ हो तो जिंदगी की मुश्किल डगर भी आसानी से पार हो जाती है। यह बात 'द रियल हाउसवाइव्स ऑफ बेवर्ली हिल्स' फेमस टीवी पर्सनालिटी टेडी मेलनकैंप पर सटीक बैठती हैं। इन दिनों वह कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से जूझ रही है, इलाज के दौरान ही उनकी जिंदगी में प्यार की दस्तक भी हुई है। अपनी डेटिंग लाइफ और नए पार्टनर को लेकर टेडी मेलनकैंप से हाल ही में फैंस को बताया है।



# फिर मोहित के साथ काम करेंगे अहान

**मुंबई।** पिछले साल आई रोमांटिक फिल्म सैयारा से अहान पांडे रातोंरात युवाओं के बीच की सेंसेशन बन गए। इस सफल फिल्म का निर्देशन मोहित सूरी ने किया था। अब अहान पांडे एक बार फिर मोहित सूरी के साथ एक नई रोमांटिक फिल्म पर काम करने के लिए तैयार हैं। ऐसा होता है तो 'सैयारा' के बाद एक बार फिर मोहित सूरी और अहान पांडे की जोड़ी बड़े पर्दे पर छाने के लिए तैयार है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अहान पांडे मोहित सूरी की यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली अगली रोमांटिक ड्रामा फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे। रिपोर्ट में बताया गया है, 'मोहित ने अपनी नई फिल्म की कहानी लिख ली थी, जो एक अधेड़ उम्र के लड़के और एक अधेड़ उम्र की लड़की पर आधारित रोमांटिक कॉमेडी है।



# कुछ नया देखना चाहते हैं दर्शक : नमित

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर के प्रमुख भूमिका वाली रामायण फिल्म रिलीज से पहले ही चर्चाओं में हैं। अब नमित मल्होत्रा ने रामायण की तुलना ड्यून पार्ट 3 और द ओडिसी जैसी फिल्मों से की है। 'ड्यूनः पार्ट थ्री' और 'द ओडिसी' जैसी भव्य फिल्मों का जिक्र करते हुए नमित मल्होत्रा ने कहा कि इन फिल्मों को देखते हुए सिनेमाघरों में दर्शक कुछ नया और अलग देखना चाहते हैं। उनकी सोच अब अलग-अलग तरह की कहानियों को देखने के लिए काफी खुली है। मुझे लगता है कि हम सब एक ही तरह की फिल्में काफी देख चुके हैं। लेकिन, अब सवाल यह है कि हम क्या नया ला सकते हैं? लॉस एंजिल्स में सिनेमाकॉन 2026 में बोलते हुए नमित मल्होत्रा ने फिल्म पर बात की। उन्होंने कहा कि वैश्विक दर्शक कहानियों में नयापन और रोमांच ढूंढ रहे हैं।

टीवी मसाला



# स्टार्स सपोर्टिंग कास्ट को देखते तक नहीं, केवल अमिताभ भले

**नई दिल्ली।** एक्टर राजेश कुमार ने कई टीवी शोज, वेब सीरीज और फिल्मों में काम किया है। वो हर मुद्दे पर खुलकर अपना पक्षा रखते हैं। हाल ही में राजेश ने कहा कि फिल्मों के बड़े स्टार्स अक्सर सपोर्टिंग एक्टर्स को लेकर भेदभाव करते हैं। राजेश कुमार को पहली बार 'साराभाई वर्सेज साराभाई' से प्रसिद्धि मिली, लेकिन उस शो के बाद से दो दशकों में, वह 'बा बहू और बेबी', 'नीली छतरी वाले' जैसे शो में दिखाई दिए। 'कोटा फैक्ट्री', 'ये मेरी फैमिली' जैसी वेब सीरीज और 'सैयारा', 'निशांची', 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' जैसी कई फिल्में भी उन्होंने की हैं। एक हालिया बातचीत में राजेश कुमार ने कहा कि अगर आप किसी बड़ी फिल्म के सेट पर जाते हैं, तो किसी सीन पर होने वाली बातचीत सिर्फ 4-5 लोगों तक ही सीमित रहती है। अगर आप किसी बड़े सेट पर जाते हैं, तो सिर्फ 4-5 लोग ही हर बात पर चर्चा कर रहे होते हैं। निर्देशक, कैमरामैन, लीड एक्टर और राइटर। बाकी लोगों के अनुभव, उनकी कोई अहमियत नहीं होती। राजेश ने बताया कि उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ कभी काम नहीं किया, लेकिन उन्होंने सुना है कि दिग्गज एक्टर सहायक कलाकारों के साथ अपने सीन की तैयारी करना पसंद करते हैं, जबकि बाकी स्टार्स के साथ ऐसा नहीं होता। हाल ही में मैंने किसी भी लीड एक्टर को हमारे साथ प्रैक्टिस करते नहीं देखा।

## अनीता ने शेयर किया मजेदार वीडियो

**नई दिल्ली।** अनीता हसनंदानी ने मंगलवार को अपना 45वां जन्मदिन बहुत खुशी और मस्ती के साथ मनाया। अपने जन्मदिन पर अनीता ने




अपना एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसके साथ ही एक भावुक नोट भी लिखा है। '45 साल की हो गई हूं और अभी भी भाग रही हूं। कैलोरी से और कभी-कभी अपने ही केक से। लेकिन सच कहूं तो, अगर यह केक मेरा पीछा कर रहा है तो शायद इसलिए क्योंकि जीवन इतना मीठा रहा है। मैं हर हंसी, हर सीख और हर पल के लिए बहुत आभारी हूं। अब थोड़ी ज्यादा समझदार, थोड़ी ज्यादा बिंदास और बहुत ज्यादा संतुष्ट हूं।' अनीता को उनके फैंस ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। एक फैन ने लिखा, 'सबसे खूबसूरत आत्मा को बहुत-बहुत मुबारकबाद।' दूसरे ने लिखा, '45 साल की उम्र कभी इतनी मजेदार नहीं लगी।' इसके अलावा कई फैंस ने उनके वीडियो की तारीफ करते हुए लिखा कि वे बहुत प्यारी और ऊर्जा से भरी हुई हैं। अनीता अभी भी टेलीविजन, रियलिटी शो और ब्रांड कामों में सक्रिय हैं। हाल ही में वे 'छोड़ियां चली गांव'रियलिटी शो में नजर आई थीं।

# इस बार वायुसेना पर बनेगी बॉर्डर 3 सनी को लेकर बड़ी प्लानिंग ...

**मुंबई।** सनी देओल और वरुण धवन स्टारर फिल्म 'बॉर्डर 2' ने 450 करोड़ वर्ल्डवाइड की सफल कमाई की और इसी के साथ जेपी फिल्म्स ने अगली फिल्म की तैयारी शुरू कर दी है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर करीब 329 करोड़ रुपए पार कमाई करने वाली इस फिल्म को लेकर 1997 में रिलीज पहली 'बॉर्डर' वाला क्रेज दिखा।

'बॉर्डर 3' तक लोगों में रियल-लाइफ हीरोइज्म वाले क्रेज़ को बरकरार देख प्रोड्यूसर निधि दत्ता ने एक अगली फिल्म को लेकर एक बड़ा प्लान तैयार कर लिया है। इस फिल्म की कहानी में लीड रोल में सनी देओल ही रहेंगे, जिसपर काम शुरू होने की चर्चा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सनी देओल की 'बॉर्डर 3' साल 2027 के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक साबित होगी। गदर और बॉर्डर फ्रेंचाइजी फिल्मों की तुलना में इस फिल्म में सनी की देशभक्ति वाली इमेज को और बड़ा करने की प्लानिंग की जा रही है। वहीं, जेपी फिल्म्स अब भारतीय वायुसेना पर भी एक



नई फिल्म भी शुरू करने जा रहा है। खबर है कि जेपी फिल्म्स अब अपने पारंपरिक वॉर जोन से बाहर निकल कर एक बड़े बजट की फैंटेसी एडवेंचर फ्रेंचाइजी पर भी काम कर रहा है। कहा जा रहा है कि ये फिल्म बड़े स्तर की होगी। जहां एक तरफ 'बॉर्डर 3' में सनी देओल को लेकर बड़ी प्लानिंग कर ली गई है, वहीं जल्द ही वो नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायणम्' में अपने 'हनुमान'वाले किरदार से अपनी बिल्कुल अलग छवि बनाने की तैयारी में भी जुटे हैं। यकीनन ये फिल्म उनके कॅरियर का एक नया और दिलचस्प अध्याय होगा। भगवान हनुमान के किरदार में सनी देओल फिल्म के दोनों पार्ट्स में नजर आएंगे। यह प्रोजेक्ट इस स्टूडियो के लिए एक बड़ा बदलाव के तौर पर आ रहा है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म की कहानी और राइटिंग के काम में निधि खुद शामिल हैं, जिसकी शूटिंग देश की अलग-अलग हिस्सों में होनी है। इसी के साथ खबर है कि इस प्रोजेक्ट में भी सनी एक खास कैमियो रोल में नजर आ सकते हैं। वहीं ,निधि दत्ता की बात करें तो उन्होंने 'पलटन' और 'घुड़चढ़ी' जैसी फिल्मों के जरिए अपनी पहचान बनाई। अब उनके कंधों पर 'बॉर्डर' जैसी विरासत को आगे ले जाने का मौका है। कहा जा रहा है कि जेपी फिल्म्स की ओर से 'बॉर्डर 3' की आधिकारिक कास्टिंग अनाउंस अगले कुछ महीनों में होगी।

# 'है जवानी तो इश्क होना है' का फर्स्ट लुक रिलीज, दो हसीनाओं के बीच फंसे वरुण

**मुंबई।** वरुण धवन की आगामी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। इसमें एआई का इस्तेमाल देखने को मिला है। वरुण धवन दो-दो हसीनाओं के बीच फंसे दिख रहे हैं। बीते दिनों फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की नई रिलीज डेट का ऐलान किया गया था। पहले जून में रिलीज होने वाली यह फिल्म अब मई के महीने में दस्तक देगी। मंगलवार को फिल्म का फर्स्ट लुक वीडियो सामने आया है। एआई किड्स पिता की जन्मतिथि 24 अप्रैल बताते हैं। बता दें कि वरुण धवन का जन्मदिन इसी दिन होता है। वीडियो में आगे वरुण धवन की एंट्री होती है। उनके किरदार का नाम जैस है। वे हाथों में जयमाला थामे झांकते दिख रहे हैं। आगे मृणाल ठाकुर की झलक देखने को मिली है, जिनके किरदार का नाम बानी है। इसके बाद पूजा हेगड़े की एंट्री होती है और उनके किरदार का नाम प्रीत है। वरुण धवन को बानी और प्रीत दोनों के साथ इश्क फरमाते दिखाया गया



है।यह फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। 'है जवानी तो इश्क होना है' का निर्देशन वरुण धवन के पिता व दिग्गज निर्देशक डेविड धवन ने किया है। 'मैं तेरा हीरो' और 'जुड़वा 2' के बाद वरुण और डेविड की पिता-पुत्र की जोड़ी की ये तीसरी फिल्म है।

## पूरे वीक भरपूर रहेगा मनोरंजन का खेल

# थिएटर्स से ओटीटी तक रिलीज होंगी ये नई मूवीज-सीरीज


*नई दिल्ली। अप्रैल के तीसरे सप्ताह की शुरुआत से हो गई है। हर वीक की तरह इस बार भी मनोरंजन जगत की लेटेस्ट रिलीज पर सिनेप्रेमियों की नजरें बनी हुई हैं, जिनके जरिए उनका ये हफ्ता भी एंटरटेनमेंट से भरपूर रहेगा।*

**टोस्टर :** अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा की जोड़ी हिट- द फर्स्ट केस के बाद एक बार फिर से सिनेमा जगत में वापसी करने जा रही है। इस बार ये दोनों फिल्म टोस्टर में नजर आने वाले हैं, जिसका ट्रेलर फैंस को काफी पसंद आया है। क्राइम कॉमेडी के तौर पर टोस्टर की रिलीज का हर कोई इंतजार कर रहा है। बता दें कि 15 अप्रैल को ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर ऑनलाइन स्ट्रीम की जाएगी।

**भूत बंगला :** सुपरस्टार अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड मूवी भूत बंगला भी इस सप्ताह में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। निर्देशक प्रियदर्शन की हॉरर कॉमेडी फिल्म 16 अप्रैल को बड़े पर्दे पर रिलीज की जाएगी। इस फिल्म में अक्षय के अलावा अभिनेता परेश रावल, वामिका गब्बी, राजपाल यादव और तब्बू जैसे कलाकार नजर आएंगे।

**मटका किंग :** लंबे समय से एक्टर विजय वर्मा की वेब सीरीज मटका किंग की चर्चा चल रही है। हाल ही में इस सीरीज का लेटेस्ट ट्रेलर रिलीज किया गया है और इसके साथ ही इसकी रिलीज डेट भी क्लियर हुई है। जिसके आधार पर 17 अप्रैल को मटका किंग ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।



**द ममी :** हॉलीवुड की बहुचर्चित फिल्म फ्रेंचाइजी द मम्मी अब नए अवतार में वापसी करने के लिए तैयार है। निर्देशक ली क्रोनिन के निर्देशन में बनने वाली द मम्मी को इस वीक 17 अप्रैल यानी शुक्रवार को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना है।

**अस्सी :** हिंदी सिनेमा के मशहूर निर्देशक अनुभव सिन्हा और एक्ट्रेस तापसी पन्नू की कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म अस्सी सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म अस्सी को 17 अप्रैल के दिन ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर ऑनलाइन स्ट्रीम किया जाएगा।

**दो दीवाने शहर में**
एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर और एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी की रोमांटिक पिल्म दो दीवाने शहर में भी इस वीक की अपकमिंग रिलीज की लिस्ट में शुमार है। 17 अप्रैल से ये मूवी भी ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देखने को मिल जाएगी।

**यूफोरिया 3 :** हॉलीवुड की लेडी सुपरस्टार जैंडाया स्टारर पॉपुलर वेब सीरीज यूफोरिया अपने नए सीजन के साथ वापसी करने जा रही है। 19 अप्रैल से यूफोरिया का सीजन 3 ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर ऑनलाइन स्ट्रीम कर दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### राव नेतराम कॉलेज में गोष्ठी आयोजित

**नारनौल।** राव नेतराम डिग्री कॉलेज सलीमपुर में आंबेडकर जयन्ती के उपलक्ष्य में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। चेयरमैन सुभाष चन्द्र ने कार्यक्रम के सफल आयोजन की बधाई देते हुए बताया कि विद्यार्थियों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयन्ती के अवसर पर विचार गोष्ठी के आयोजन में उनके जीवन में दिए गए बलिदानों को याद किया तथा उनके विचारों को अपने जीवन ढालने पर जोर दिया। इस मौके पर बीरसिंह, नरेश कुमार, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

### वाल्मीकि धर्मशाला में मनाई डॉ. आंबेडकर जयंती

**नारनौल।** वाल्मीकि धर्मशाला में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूम धाम से मनाई गई। इस अवसर पर बाबा साहब को पुष्प अर्पित करने उपरांत लड्डू बांटे गए तथा उनके दिखाए मार्ग पर चलने को प्रेरित किया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष वासुदेव यादव, जिला मंत्री मनीष संघी, मण्डल अध्यक्ष हेमंत कुमार, महामंत्री ओबीसी सुशील चौटाला, मनोनीत पार्षद संजय अमन, जगदीश पासी, सुरेश कुमार, डॉ. राहुल गुरैया, जोगेंद्र जैदिया प्रधान, राजेश चांवारिया, संजय मित्तल आदि उपस्थित रहे।

### सैनी सभा ने डॉ. भीमराव आंबेडकर को किया याद

**नारनौल।** सैनी सभा परिसर में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। जिसकी शुरुआत डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व उन्हें श्रद्धांजलि देकर की गई। इस अवसर पर सैनी सभा के प्रधान बिशन सैनी, महासचिव निहाल सैनी, सचिव भारत सैनी, कार्यकारिणी सदस्य सूबेसिंह सैनी, ईश्वर सैनी, अरुण सैनी, रामनिवास सैनी व सैनी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य हुकुमचंद सैनी सहित माया देवी, विनू शर्मा, अंकित सैनी, हिना सैनी, अनिता सैनी, सुनीता सैनी, निशा सैनी, मीनाक्षी, सुमन आदि मौजूद रहे।

### कनीना में बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित किए

**कनीना।** डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। कनीना, धनौंदा, भोजावास व गुढ़ा सहित विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें लोगों ने बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित किए। कनीना में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि चेयरपर्सन नगर पालिका डॉ. रिंपी यादव लोढ़ा रही। अध्यक्षता शेरसिंह फौजी ने की। विशिष्ट अतिथि ठाकुर अतरलाल, डॉ. प्रवीण कुमार प्राचार्य व पवन एडवोकेट रहे।

### मण्डलाना में मनाई बाबा साहब की जयंती

**नारनौल।** डॉ. भीमराव आंबेडकर मिशन सोसायटी मंडलाना के तत्वावधान में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। आयोजित समारोह में विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत कर बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। समारोह में डॉ. गुलशन प्रकाश मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रोहतास ने की। विशिष्ट अतिथि शिवानन्द डाडैया, डॉ. महेश, इंजीनियर नरेश, समिति प्रधान चन्दन सिंह जालवान थे।

### अटेली में मनाई डॉ. आंबेडकर की जयंती

**मंडी अटेली।** अटेली के झंडा चौक पर डॉ. बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की 135वीं जंयती मनाई गई। इस मौके पर बाबा साहब की आदमकद चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पार्षद प्रतिनिधि शमशेर यादव व अध्यक्षता जिला पार्षद मुन्नी पाल द्वारा की गई। अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति के सदस्य सलीमपुर के पूर्व सरपंच रामचंद्र कटारिया के मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में बाबा सहाब केअनुयायियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर सविता नाहर, डॉ. नीतू सांवरिया, पूर्व सुपरवाइजर सुषमा यादव, अशोक पार्षद, बलराम सरपंच हसनपुर, संदीप ग्रोवर आदि मौजूद थे।

## नारनौल में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती

# जिला स्तरीय समारोह में शिक्षा और सामाजिक एकता पर दिया गया जोर

*गीतों और कविताओं के माध्यम से बच्चों ने बाबा साहब के जीवन, संघर्ष और उनके योगदान पर प्रकाश डाला*

**मेधावी छात्रों और गणमान्य व्यक्तियों को किया सम्मानित**


**नारनौल।** बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करते अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पंचायत भवन के पास नई कचहरी मैदान में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। हरियाणा अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा इस जिला स्तरीय जन्मोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, समाजसेवी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उप जिला शिक्षा अधिकारी दिलबाग सिंह गोठवाल उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रधान एवं हरियाणा पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम के जिला प्रबंधक राजपाल गोरा ने की। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष सामरिया, एलआईसी के रिटायर्ड एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर रामानंद पनवाल, इंडियन बैंक के रिटायर्ड वरिष्ठ प्रबंधक जिलेसिंह नाहर, बिजली निगम के रिटायर्ड एसडीओ सतीश धानिया, हरियाणा ग्रामीण बैंक के रिटायर्ड वरिष्ठ प्रबंधक कैलाश चंद, रिटायर्ड प्राचार्य अमरसिंह निम्होरिया, हरियाणा पुलिस के इंस्पेक्टर दयानंद गोरा और आईटीआई के प्राचार्य विनोद खनगवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। गीतों और कविताओं के माध्यम से बच्चों ने बाबा साहब के जीवन, संघर्ष और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में मेधावी स्कूली बच्चों और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

### एकता और प्रेरणा का दिया संदेश

समारोह ने समाज में जागरूकता, एकता और प्रेरणा का संदेश दिया। मोहल्ला महल के नर–नारी डीजे पर नाचते हुए कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में संघ के पूर्व प्रधान जयनारायण दुग्गल, सिंहराज यादव एडवोकेट, केएल अहरोदिया, कामरेड सुभाषचंद्र एडवोकेट, महावीर प्रसाद, ब्रह्मानंद वाल्मीकि, रामसिंह धाकड़, कर्मवीर, चमनलाल, केला देवी, रामनिवास खिंची, रोशनी सरपंच, प्राचार्य विनोद खनगवाल, सत्यवीर सिंह, सुरभि तोंदवाल, दिव्या व रवीना ने गीतों व भाषण के माध्यम से बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला। नन्ही बच्ची भाविन सिंह और रवीना ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। भानुप्रिया, मोनिका, खुशबू, गरिमा और अंशिका ने भी सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। हरियाणा राज्य परिवहन से सम्बद्ध लक्ष्मण सिंह ने तथागत बुद्ध का चित्र संघ को भेंट किया। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों एवं सामाजिक क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वाली शख्सियतों को सम्मानित किया गया।

### विधायक ने सिलारपुर मेहता में किया 1.13 करोड़ के विकास कार्यों का उद्घाटन


**नारनौल।** विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव ने अपने विधानसभा क्षेत्र के गांव सिलारपुर मेहता में डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण किया तथा उनकी जयंती पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जीवनभर वंचितों, शोषितों और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के उत्थान के लिए संघर्ष किया। उन्होंने सामाजिक न्याय और अधिकारों पर आधारित सशक्त भारत की नींव रखी तथा देश को ऐसा संविधान दिया, जिसके दायरे में हर व्यक्ति को न्याय मिल सके। विधायक ने गांव में लगभग एक करोड़ 13 लाख रुपये की लागत से एक दर्जन से अधिक विकास कार्यों का उद्घाटन करते हुए कहा कि उन्हें गर्व महसूस हो रहा है कि बाबा साहेब की 135वीं जयंती के अवसर पर यह कार्य करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में गांवों का विकास तेजी से हो रहा है और सरकार की सोच है कि जब गांव समृद्ध होंगे, तभी देश भी खुशहाल बनेगा। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सराहना करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं और हर क्षेत्र में प्रगति हो रही है। पश्चिम बंगाल के चुनावों पर टिप्पणी करते हुए विधायक ने कहा कि वहां भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी और जनता लंबे समय से ममता बनर्जी के शासन से परेशान है। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक ओमप्रकाश यादव का फूलमालाओं व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर गांव की सरपंच सुनीता सैनी, वीरसिंह नंबरदार, कर्णसिंह सैनी, सुरेंद्र सैनी, पूर्व सरपंच सोहनलाल, बहादुर सिंह सरपंच खोड़मा, प्रमोद सरपंच सिहमा, रमेश सरपंच निवाजनगर, राकेश सरपंच बापड़ोली आदि मौजूद रहे।

### कबीर आश्रम में मनाई जयंती


**नारनौल।** संत कबीर आश्रम एवं मंदिर कमेटी स्थित इंदिरा कालोनी के प्रांगण में स्थानीय विधायक एवं पूर्व कैबिनट मंत्री ओमप्रकाश यादव की अगुवाई में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव राव अंबेडकर को उनके 135वें जन्म महोत्सव पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। विधायक ने बाबा साहब को 20वीं सदी की महान विभूति बताते हुए उन्हें आदरपूर्वक याद किया। इस अवसर पर समाज के गणमान्य मास्टर झम्मन मंदिर कमेटी प्रधान, दारासिंह प्रधान, देवेन्द्र पार्षद वार्ड न. 12, प्रधान करतार सिह, महाराज अमरदास, महेन्द्र खन्ना पूर्व डीजीएम, सूबेदार अमरसिंह आदि मौजूद थे।

### संतोष मेमोरियल में बाबा साहब को याद किया


**नारनौल।** संतोष मेमोरियल रिहैबिलिटेशन एंड रिसर्च सेंटर प्रांगण में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य डॉ. आरएन यादव ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी विनोद आर्य ने अपने संबोधन में सभी को समानता, शिक्षा एवं सामाजिक समरसता का महत्व बताया तथा डॉ. अंबेडकर के विचारों को अपनाने का संदेश दिया। संस्था के चेयरमैन मुकेश गुप्ता एवं चेयरपर्सन डॉ. कुसुम गुप्ता ने बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया।

### बाबा साहबको दी श्रद्धांजलि


**नारनौल।** गांव भोजावास के बस स्टैंड पर भारत के संविधान के शिल्पकार, महान समाज सुधारक, प्रखर विचारक एवं सामाजिक न्याय के पुरोधा 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अतिथियों ने धूप, दीप जलाकर व पुष्पमाला चढ़ाकर नमन किया। बाबा साहेब के दिए हुए तीन नारों संगठित रहो, शिक्षित रहो, संघर्ष करो पर चलने का संकल्प लिया। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी, जिसके मुख्य अतिथि डॉ रतिराम व विशिष्ट अतिथि पानी वाले बाबा बलदेव सिंह चहल रहे। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस एससी सैल के प्रदेश सचिव ओमप्रकाश माण्डैया एवं डॉ रतिराम ने कहा कि बाबा साहब ने देश को सबसे अच्छा संविधान दिया।

### रामबास में मनाई जयंती


**नारनौल।** रामबास ढाणा में बाबा साहेब डॉ बीआर अंबेडकर की 135वीं जयंती पर गांववासियों के तरफ से धूमधाम से मनाई गई, जिसमें इनेलो एससी सैल के प्रदेश उपाध्यक्ष वेदप्रकाश नम्बरदार मुख्य अथिति थे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ज्ञानेश्वर निम्भल ने की। गांववासियों ने बाबा साहेब को पुष्पमाला अर्पित की, जिसमें पूर्व प्रधान रमेश कुमार, भानाराम, दयाराम, हरद्वारी, अजय निम्भल, कपिल निम्भल, पूर्व सरपंच माया देवी, शर्मिला, बिमला, निर्मला, कुलदीप, राजिंद्र, डॉ बिल्लू आदि शामिल थे।

### संघर्ष करने की मिलती रहेगी प्रेरणा


**नांगल चौधरी।** पंचायत समिति प्रांगण में डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती सेवा समिति के प्रधान ईश्वर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें दिल्ली क्राइम ब्रांच के निरीक्षक सुभाषचंद मुख्य रूप से मौजूद रहे। शहीद मेजर सतीश दहिया कॉलेज के रिटायर्ड प्राचार्य डॉ. शिवताज सिंह, पीएमश्री गर्ल्स स्कूल के प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार बतौर मुख्य उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की जीवनी से युवाओं को विषम परिस्थितियों में दृढ़ता पूर्वक संघर्ष करने की प्रेरणा मिलती रहेगी। इस मौके पर पूर्व मंत्री. डॉ अभय सिंह, भाजपा के पूर्व जिला प्रधान दयाराम यादव, पूर्व पंस चेयरमैन प्रवीण चौधरी आदि मौजूद थे।

### बसपा ने मनाई डॉ. अंबेडकर जयंती


**नारनौल।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर बहुजन समाज पार्टी के नेता प्रमुख समाजसेवी नेताजी अतरलाल एडवोकेट ने सामाजिक न्याय व समानता के लिए सामाजिक न्याय यात्रा एवं जन अभियान की शुरुआत की। गांव भोजावास में डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्होंने इस अभियान व सामाजिक न्याय यात्रा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद एडवोकेट ने की। अतरलाल ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर के विचारों को अपनाने से ही सामाजिक न्याय वसमानता समाज के सभी वर्गों तक पहुंच सकती है। आज किसान, मजदूर, महिला तथा युवा मौजूदा सरकार के नकारापन के कारण बेहद चिंतित, बेबस तथा लाचार हैं।

### संविधान निर्माता को किया याद


**नारनौल।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर महेंद्रगढ़ रोड स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा व सम्मान के साथ पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की ओर से एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पण से हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष भारती सैनी ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जीवन संघर्ष, त्याग व समर्पण की प्रेरणादायक मिसाल है। उन्होंने समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने के लिए जो कार्य किए, वे आज भी प्रासंगिक हैं।

### सैनी हाई स्कूल में मनाई बाबा साहब की जयंती


**महेंद्रगढ़।** सैनी हाई स्कूल में मंगलवार को सैनी सभा द्वारा भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान सैनी सभा के पदाधिकारियों और स्कूल स्टाफ ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके द्वारा दिखाए गए समानता व न्याय के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनी सभा के प्रधान सुरेश सैनी ने की। प्राचार्य सतीश शर्मा ने विद्यार्थियों और स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन अनुशासन और दृढ़ इच्छाशक्ति का उत्कृष्ट उदाहरण है। कार्यक्रम में सभा के उपप्रधान महादेव प्रसाद, सचिव होशियार सिंह सैनी, कोषाध्यक्ष दुष्यंत सैनी, सहसचिव रामनिवास सैनी, कृष्ण सैनी व महेश सैनी सहित समाज के गणमान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## शिविर में 60 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव पर महल अनुसूचित जाति विकास मंच की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त प्राचार्य सुरेंद्र, आईटीआई प्राचार्य विनोद खनगवाल, प्रवक्ता सतीश चंदपुरा, इंस्पेक्टर दयानंद गोरा, सपना गोरा, पुरानी मंडी से प्रमोद अंबेडकर, हर्ष मेहरा, हवासिंह, रमन शेखपुरा, संजय गुलावला, कृष्ण कुमार, भूपसिंह मोखुता, बबरीभान बलाहा कलां, डॉ. रितु पर्ण, खुशवंत जौरासी, सुरेंद्र अंबेडकर, निजी स्कूल के बस स्टाफ सहित 60 लोगों ने रक्तदान किया। मंच के महासचिव जयसिंह नारनौलिया ने बताया कि बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। नागरिक अस्पताल से डॉ. नरेंद्र कुमार की टीम ने सराहनीय कार्य किया।

इस मौके पर सीएमओ डॉ. अशोक कुमार, चेयरपर्सन नगर परिषद कमलेश सैनी, समाजसेवी जयनारायण दुग्गल, सुभाष सामरिया, अमित गुप्ता, राजपाल गोरा, जिलेसिंह नाहर, सुनील यादव, मनीष गोगिया, संदीप यादव, जिलेसिंह कालिया, संतोष सूबेदार, बाबूलाल नारनौलिया, सुरेश कुमार, मनोहर लाल, दीपक कुमार, संदीप नांगतिहाड़ी, रणधीर मारोली, सोनू नंबरदार, रमेश कुमार, राधेश्याम नारनौलिया, देवेंद्र कुमार, हैप्पी कुमार, बेगराज, बलदेव सिंह चहल आदि मौजूद थे।


**नारनौल।** कैम्प में रक्तदान करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### सागरपुर की एससी चौपाल में मनाई जयंती


**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांव सागरपुर में एससी चौपाल में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर पूर्व डीआरओ मंगलराम भगवाड़िया ने कहा कि भारत का संविधान डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित किया गया, जिसके माध्यम से देश के नागरिकों को अनेक अधिकार प्राप्त हुए। अन्य वक्ताओं में कहा कि आज पूरा का पूरा विश्व बाबा साहब के नियमों को ही मानता है। साथ ही उन्होंने बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान का सही रूप से निर्वहन करते हुए कार्य करने की बात कही। बाबा साहब के द्वारा ही बनाए गए संविधान के चलते आज हर वर्ग के लोगों को पढ़ाई के साथ ही समानता का अधिकार भी मिल रहा है। इस मौके चौधरी भरपूर सिंह, रूपसिंह, मंजीत मास्टर, अरुण कुमार, चौधरी अमर सिंह, अनिल कुमार, उदयसिंह, सरपंच सुबेसिंह, पंच रोशनी देवी व राजवीर सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



### आकाश एकेडमी में मनाया बैसाखी उत्सव

**महेंद्रगढ़।** आकाश एकेडमी में बैसाखी का उत्सव मनाया गया। देवेंद्र बैरावास ने बताया कि भीमराव अंबेडकर को याद किया और बैसाखी उत्सव पर चर्चा की। बैसाखी भारत के प्रमुख त्योहारों में से एक है, जो विशेष रूप से उत्तर भारत, खासकर पंजाब और हरियाणा में बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया जाता है। यह पर्व हर वर्ष 13 या 14 अप्रैल को आता है और भारतीय समाज में इसका धार्मिक, सांस्कृतिक तथा कृषि संबंधी अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। बैसाखी केवल एक त्योहार ही नहीं, बल्कि यह नई शुरुआत, समृद्धि और सामूहिक उल्लास का प्रतीक है। विकास रामलवास ने बच्चों को समझाया कि बैसाखी का ऐतिहासिक महत्व है। बैसाखी का इतिहास अत्यंत गौरवपूर्ण है। सिख धर्म के लिए यह दिन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

## युवा प्रतिभा सम्मान समारोह में युवाओं को किया सम्मानित

# प्रतिस्पर्धात्मक युग में उपलब्धियां अत्यंत प्रेरणादायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर प्रगति के सितारे युवा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक नरोत्तम सोनी ने बताया कि मेहनत, लगन और उपलब्धि का उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन ट्रस्ट कार्यालय में किया गया। जिसमें क्षेत्र के उन प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपनी मेहनत, लगन व दृढ़ संकल्प के बल पर विभिन्न विभागों में अधिकारी व कर्मचारी के रूप में चयन प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त अधिकारी सुरेश शर्मा ने की, विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद रामजीलाल सैनी व रामनिवास सैनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज ने किया। इस दौरान चयनित युवाओं को स्मृति चिह्न व अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि अम्बेडकर जयंती पर ऐसे कार्यक्रम का आयोजन विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद कठिन परिश्रम व आत्मविश्वास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। सुरेश शर्मा ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में इस प्रकार की उपलब्धियां अत्यंत प्रेरणादायक हैं। रामजीलाल सैनी, कृष्ण शर्मा एडवोकेट ने कहा कि सफलता का कोई विकल्प नहीं होता, इसके लिए निरंतर प्रयास, अनुशासन और धैर्य आवश्यक है।



**नारनौल।** कार्यक्रम में प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### यह हुए सम्मानित

कार्यक्रम में मोहित यादव पुत्र रमेश यादव मालीटीबा का आईएएस में चयन होने, कविता सैनी पुत्री रामकिशन सैनी पीरआगा को आयकर विभाग में अधीक्षक, राहुल पुत्र दिलीप सिंह को सहायक अनुभाग अधिकारी चयनित, निकिता सैनी पुत्री मुकेश सैनी को फाइन आर्ट में स्वर्ण पदक एवं राज्यपाल अवार्ड के लिए तथा पूर्वी भारद्वाज पौत्री स्व. ज्ञानस्वरूप भारद्वाज को सीए इन्टरमीडिएट, जिया सैनी को विशेष प्रोत्साहन के लिए सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### गाय को राष्ट्रीय मां का दर्जा दिलाने की मुहिम तेज

**नारनौल।** गोमाता को राष्ट्रीय मां का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर देशभर में जनजागरण अभियान चला रहे समाजसेवी प्रवीण भाई नारनौल पहुंचे। उनके आगमन पर स्थानीय समाजसेवी रिंकू नीरपुर ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर प्रवीण ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गोमाता का विशेष महत्व है और इस राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने के लिए जनसमर्थन जुटाया जा रहा है।

### धूमधाम से मनाई बाबा साहब की 135वीं जयंती

**महेंद्रगढ़।** डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति के सदस्यों एवं सामाजिक बुद्धिजीवियों द्वारा स्थानीय डॉ. आंबेडकर चौक पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में हजरस के प्रधान बिजेंद्र चौहान उपस्थित रहे, जबकि पूर्व प्रेस क्लब प्रधान मोहनलाल अग्रवाल व उपप्रधान परमजीत सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर पन्नीलाल मैनेजर, ओमप्रकाश मैनेजर आदि मौजूद थे।

### संगठित और शिक्षित बनेगा समाजः हेमंत

**निजामपुर।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर व्यक्ति नहीं, बल्कि संस्था थे। जिनकी विचारधारा से समाज को संगठित व शिक्षित होने की प्रेरणा मिली है। उक्त विचार बिगोपुर की सरपंच पूजा यादव के प्रतिनिधि हेमंत यादव ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती समारोह में बतौर मुख्य वक्ता व्यक्त किए। कार्यक्रम में समाजसेवी विवेक यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में रोहताश, शिवकुमार पटवारी, जगनलाल, कन्हैयालाल, छाजूराम, राजेश मास्टर, डॉ. हंसराज, जिलेसिंह, डॉ. लालचंद, नवल शर्मा, मंजू शर्मा, बुधराम, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## शिक्षा को सशक्तिकरण का सबसे बड़ा हथियार बनाया : वन एवं उद्योग मंत्री

# भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के पदचिन्हों पर चलकर ही विकसित भारत का सपना होगा पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं व महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं संयुक्त जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को अंबेडकर भवन में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन एवं उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री बनवारी लाल, महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव व पूर्व अटेली विधायक सीताराम भी मौजूद रहे। वन एवं उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह ने अंबेडकर भवन में डॉ. अंबेडकर छात्रावास की आधारशिला रखी। मुख्यातिथि ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज में व्याप्त छुआछूत, जातिवाद और असमानता के खिलाफ जीवन भर संघर्ष किया। वे न केवल संविधान के जनक थे, बल्कि उन्होंने दलितों, पिछड़ों और महिलाओं के अधिकारों के लिए भी लड़ाई लड़ी। उन्होंने हमेशा शिक्षा को सशक्तिकरण का सबसे बड़ा हथियार माना और हमें शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो का मंत्र दिया। बाबा साहेब का जीवन हमें सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी मेहनत और शिक्षा के दम पर समाज में बदलाव लाया जा सकता है। आज के दिन, आइए हम उनके आदर्शों को अपनाएं और एक न्यायपूर्ण समाज बनाने का संकल्प लें। आज हमारा देश विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। मोदी का संकल्प है 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। वन एवं उद्योग मंत्री ने अपने निजी कोष से अंबेडकर समिति को 16 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे डॉ. अंबेडकर के शिक्षा, समानता और भाईचारे के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं।



महेंद्रगढ़। मंत्री राव नरबीर को पगड़ी पहनाकर स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**!!**

कार्यक्रम में विधायक कंवर सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के बताए रास्ते पर चलकर बिना किसी भेदभाव के गरीब से गरीब व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचा रही है। डबल इंजन की सरकार ने हर वर्ग के बच्चों को बिना खर्ची पर्ची के सरकारी नौकरियां दी है। महेंद्रगढ़ जिले से लगभग 2500 बच्चों ने वर्तमान सरकार में नौकरियां प्राप्त की हैं। विधायक ने अपने निजी कोष से अंबेडकर समिति को हर साल एक लाख रुपये देने की घोषणा की।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में एसडीएम योगेश सैनी, पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव, बीजेपी जिला प्रधान यतेंद्र राव, पार्षद वचनाई नाथ, पूर्व प्रधान सुंदरलाल जोरासिया, संतोष पीटीआई, प्रधान अमन देवी सहित अनेक नागरिक मौजूद थे।

## मामले की जांच में जुटी पुलिस, तथ्यों के आधार पर की जाएगी आगे की कार्रवाई

# नाली निर्माण को लेकर बढ़े विवाद में दो पक्षों में मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिले के अंतिम छोर पर बसे गांव बलाहा कलां में नाली के विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में पंचायत समिति नारनौल के चेयरमैन पंकज यादव समेत कई लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार विवाद की शुरुआत गांव में बनाई जा रही नाली से हुई। एक पक्ष का आरोप है कि नाली उनके प्लॉट के अंदर से निकाली जा रही थी, जिसका विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। इसी दौरान नाली तोड़ने को लेकर कहासुनी हुई और मामला मारपीट तक पहुंच गया। इस बारे में बलाहा कलां निवासी घायल सतीश ने आरोप लगाते हुए बताया कि विवाद के दौरान प्रदीप नामक व्यक्ति ने उस पर चाकू से हमला किया, जिससे उसकी छाती पर गंभीर चोटें आईं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पंचायत समिति के चेयरमैन पंकज यादव भी मौके पर पहुंचे। तब उनके हाथ में लोहे का सरिया था, जिससे उन्होंने उस पर हमला कर दिया। पीड़ित का कहना है कि हमलावरों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी, जिसके चलते उन्होंने घर के अंदर बंद होकर अपनी जान बचाई। बाद में पुलिस के आने पर ही उन्होंने दरवाजा खुलवाया। सतीश ने बताया कि उन्होंने 112 नंबर पर कॉल कर मदद मांगी, जिसके बाद एम्बुलेंस से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।



नारनौल। अस्पताल में उपचाराधीन घायल सतीश। फोटो : हरिभूमि

वहीं दूसरे पक्ष के प्रदीप कुमार ने उक्त आरोपों को खारिज करते हुए बताया कि जब वह स्कूल से घर लौटे तो उन्होंने देखा कि नई बनी नाली को तोड़ दिया गया है। पूछने पर सामने वाले पक्ष सतीश ने बदसलूकी की और उन पर हमला कर दिया। प्रदीप ने बताया कि उन्हें धक्का देकर तारबंदी में गिरा दिया गया, जिससे उन्हें चोटें आईं। उन्होंने बताया कि मौके पर किसी के पास चाकू या अन्य हथियार नहीं था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि दूसरे पक्ष ने उन पर डीजल जैसा तरल पदार्थ फेंका और लकड़ी के डंडे से हमला किया।

**यह बोले पंचायत समिति के चेयरमैन**



पंचायत समिति के चेयरमैन पंकज यादव ने बताया कि गांव में विकास कार्य के तहत नाली का निर्माण चल रहा था। शाम को सतीश नाम के युवक ने नाली तोड़ दी, जिसके बाद विवाद शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि मजदूरों के फोन पर वह मौके पर पहुंचे, जहां पहले से झगड़ा चल रहा था। उनके अनुसार, सतीश और उसके परिजनों ने उन पर भी हमला कर दिया, जिसमें उनकी उंगली में फ्रैक्चर हो गया। चेयरमैन ने तेजधार हथियार से हमले के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि चोटें तारबंदी में गिरने से लगी होंगी और मौके पर कोई हथियार इस्तेमाल नहीं हुआ।

**यह बोली पुलिस**

सदर थाना प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम अस्पताल पहुंचकर दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है। पूरे मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।




महेंद्रगढ़। कार्यशाला में उपस्थित शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## शरबती विद्यालय में हुई दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गोशाला मार्ग स्थित शरबती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गत 11 और 12 अप्रैल को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत हिंदी पाठ्यक्रम (माध्यमिक) के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि सुप्रसिद्ध डॉ. मेजर सूरत सिंह यादव उपस्थित रहे।

उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया और अपने संबोधन में हिंदी भाषा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में योगेश शर्मा और सुनीता उपस्थित रहे। शिक्षकों को हिंदी शिक्षण की बारीकियों, नई शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ योजना तैयार करने और विद्यार्थियों में भाषा के प्रति अभिरुचि जागृत करने की आधुनिक प्रविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्वान प्रशिक्षकों ने विभिन्न सत्र के माध्यम से शिक्षकों की शंकाओं का समाधान भी किया।

प्राचार्य बिक्रम सिंह कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम से शिक्षकों के कौशल में निखार आता है, जिसका सीधा लाभ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मिलता है। कार्यशाला के सफल संचालन एवं प्रबंधन में दीपक यादव का विशेष योगदान रहा।

## बाबा साहेब ने दलितों व वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

### राव सुल्तान सिंह स्कूल में मनाई आंबेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज. महेंद्रगढ़

राव सुल्तान सिंह स्कूल निम्बेहड़ा में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में संस्था निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव, प्राचार्य राजकुमार शर्मा एवं उपप्राचार्य रामकुमार सहित समस्त स्टाफ ने डॉ. आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। संस्था निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को रामजी मालोजी सकपाल और माता भीमाबाई के घर महू में हुआ था। उन्होंने समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव और छुआछूत के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया तथा दलितों और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के प्रबल समर्थक भी थे। उनके विचार आज भी युवाओं को आगे बढ़ने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करते हैं।



महेंद्रगढ़। आंबेडकर के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## बीएससी लाइफ साइंस में सूरज का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर द्वारा बीएससी लाइफ साइंस प्रथम सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें सूरज कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन पूरे क्षेत्र में शानदार रहा।

संस्था निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि दो छात्रा प्रियंका पुत्री पंकज शर्मा,डेरोली अहीर ने पांचवां तथा कोमल पुत्री जितेंद्र सिंह भोजावास ने दसवां स्थान हासिल कर क्षेत्र एवं कॉलेज का नाम रोशन किया। पिछले दिनों इसी विषय के तृतीय सेमेस्टर का परिणाम भी घोषित हुआ, जिसमें में विश्वविद्यालय की टॉप 10 सूची में 4 विद्यार्थियों ने स्थान बनाने के साथ छात्रा पायल पुत्री अनिल कुमार आदलपुर ने पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान, ईशा तंवर पुत्री सतीश महेंद्रगढ़ ने तीसरा, नेहा पुत्री अनिल कुमार, ढाणी शोभा ने पांचवां एवं निधि पुत्री मनोज माजरा कलां सातवां स्थान हासिल किया। दोनों ही सेमेस्टर में अधिकांश विद्यार्थियो ने प्रथम श्रेणी ने साथ परीक्षा उत्तीर्ण करने में सफलता प्राप्त की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुधाकर गुप्ता व निदेशक संदीप प्रसाद ने भी परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



कोमल



प्रियंका

## बीआर आदर्श में हुआ शिक्षकों का प्रशिक्षण

**सेहलंग तथा बिरही कलां के समस्त शिक्षकों ने लिया भाग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

बीआर आदर्श विद्यालय सेहलंग में शिक्षकों के लिए ज्ञानवर्धक सीबीएसई आंतरिक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय की दोनों ब्रांच सेहलंग तथा बिरही कलां के समस्त शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यशाला शिक्षकों के कौशल विकास एवं शिक्षण गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिससे पूरे वातावरण में सकारात्मकता एवं प्रेरणा का संचार हुआ। कार्यक्रम में चेयरमैन हरिश भारद्वाज मुख्यातिथि, रिसोर्स पर्सन एवं ट्रेनर सुकन्या पी शर्मा विशिष्ट अतिथि, प्रधानाचार्या ज्योति भारद्वाज अध्यक्षता तथा विद्यालय के वाईस चेयरमैन कृष्ण भारद्वाज विशेष रूप से मौजूद रहे।

रिसोर्स पर्सन सुकन्या पी शर्मा ने शिक्षकों को यह समझाया कि किस प्रकार गतिविधि आधारित शिक्षण को अपनाकर विद्यार्थियों को अधिक रुचिकर एवं प्रभावी ढंग से पढ़ाया जा सकता है। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से यह भी बताया कि कक्षा में प्रत्येक विद्यार्थी को सक्रिय बनाए रखने के लिए नवीन शिक्षण विधियों का प्रयोग आवश्यक है। कार्यशाला के दौरान विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया, जिसमें शिक्षकों ने स्वयं भाग लेकर नए-नए शिक्षण तरीकों को सीखा और उन्हें अपनी कक्षाओं में लागू करने का संकल्प लिया।



महेंद्रगढ़। कार्यशाला में भाग लेते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका में मनाई डॉ. आंबेडकर जयंती



**नारनौल।** श्रीकृष्ण सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भुंगारका में भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक सादगीपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य वेदपाल यादव ने डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके की। इसके पश्चात उपस्थित सभी सदस्यों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। चेयरमैन एडवोकेट राजपाल यादव ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर का जीवन संघर्ष, परिश्रम और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति अपने अधिकारों को समझ सकता है और समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। उपप्राचार्य संदीप खैरवाल ने कहा कि हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में भाईचारा, समानता और न्याय की भावना को बढ़ावा देना चाहिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## जीनियस एकेडमी ने मनाई बाबा साहेब की जयंती

**महेंद्रगढ़।** जीनियस एकेडमी में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती मनाई गई। एकेडमी डायरेक्टर अमित यादव व सभी स्टॉफ सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। डायरेक्टर अमित यादव ने बाबा साहेब के जीवन परिचय से सभी को अवगत करवाया तथा सभी विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पी बाबा साहब ने समाज के वंचित वर्गों को समाज की मुख्यधारा में एवं न्याय पूर्ण समाज बनाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने समाज के वंचित वर्ग को शिक्षित एवं सशक्त किया और हमें न्याय व समानता पर आधारित एक ऐसा प्रगतिशील संविधान दिया जिसने देश को एकता के सूत्र में बांधनेका काम किया। उनकी पहचान एक न्यायविद्, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक के रूप में होती है। डॉ. भीमराव आंबेडकर भारतीय संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष भी रहे। मौके पर दिलेर सिंह, देवेन्द्र, सतीश, दीपक, सोमवीर, प्रवीन, संजू, राधिका, सुरेन्द्र, रामरति, पूनम सहित समस्त स्टॉफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।



महेंद्रगढ़। आंबेडकर के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### प्रतिदिन 20 लाख लीटर जल का शोधन होगा

# केंद्रीय विश्वविद्यालय में सांसद ने किया जल शोधन संयत्र का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

केंद्रीय विश्वविद्यालय में जल आपूर्ति के लिए सांसद धर्मबीर सिंह ने जल शोधन संयंत्र का लोकार्पण किया है। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि केंद्रीय विश्वविद्यालय में शुद्ध जल आपूर्ति के लिए एक मेगा जल शोधन संयंत्र लगाया गया है। सांसद धर्मबीर सिंह ने इसका लोकार्पण कर विश्वविद्यालय को सौंपा है। इस जल शोधन संयंत्र पर लगभग 13.22 करोड़ की लागत आई है। इसके लिए नहरी पानी की आपूर्ति पाथेड़ा स्थित पंप हाउस नंबर एमसी पांच से की जाएगी। इसके शुरू होने से यहां के जल दोहन में कमी आएगी, जिससे आसपास के किसानों को लाभ होगा। इस जल शोधन संयंत्र से प्रतिदिन लगभग 20 लाख लीटर की आपूर्ति हो सकेगी। सांसद धर्मबीर सिंह के प्रयास से केंद्र की तरफ से इसके लिए ग्रांट मंजूर करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस अवसर पर सांसद धर्मबीर सिंह ने बताया कि इस संयंत्र के लगने से न सिर्फ केन्द्रीय विश्वविद्यालय में शुद्ध जल की आपूर्ति सुनिश्चित होगी, बल्कि नहरी पानी पर आधारित इस परियोजना से भूजल दोहन पर भी रोक लगेगी। सांसद ने कहा कि ये समय शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने का समय है। केन्द्रीय विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की संस्था बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये जाएंगे। इस अवसर पर विधायक कंवर सिंह यादव, विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर टंकेशवर कुमार, सहित समकुलपति, दादरी एवं भिवानी कॉपरेटिव बैंक के चेयरमैन सुधीर चांदवास, विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा, पाली सरपंच देशराज फौजी, भुरजट सरपंच मैनपाल, विश्वविद्यालय के अनेक प्रोफेसर सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। जल शोधन संयत्र का लोकार्पण करते सांसद। फोटो : हरिभूमि